हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 मानव एकता व करुणा से समाज को समृद्ध बनाता...



07 निर्धारित स्थल से अधिक क्षेत्र में फैलाई जा रही दुकानें...



खबर संक्षेप

एमजीएम कॉलेज में किया पौधरोपण

इटारसी। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के विकास के उद्देश्य से वाणिज्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने पौधा लगाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, आने वाली पीढ़ियों के प्रति सम्मान व जिम्मेदारी व्यक्त करना है।

पिकअप में लगाई आग गाय हुई घायल

माखन नगर। नर्मदा पुरम रोड आईटीआई के सामने रविवार सुबह 5 बजे के आसपास पिकअप एमपी 05G 6271 में आग लगने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। नगर परिषद की दमकल ने पहुंचकर आग बुझाई। एएसआई अशोक अठोले ने बताया पिकअप को थाने में खड़ी कराई गई है एवं घटना के बारे में विवेचना की जा रही है कि आग क्यों और किसने लगाई है। पिकअप माखन नगर की बताई जा रही है जो पशुओं का परिवहन करती है। जहां यह घटना हुई वहीं एक गाय भी दुर्घटना का शिकार होकर घायल हुई है।

पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, नागरिक सावधानी और सुरक्षा से करें खरीदारी

रक्षाबंधन पर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, चार पहिया वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस विभाग ने शहर में व्यवस्था बनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। साथ ही नागरिकों से कहा है कि वाहनों का उपयोग आवश्यकता पड़ने पर ही करें।

रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए इटारसी शहर के बाजार क्षेत्र में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। थाना इटारसी एवं यातायात चौकी इटारसी द्वारा बाजार में भीड़ को नियंत्रित करने तथा आमजन की सुविधा के लिए प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी।

पुलिस के अनुसार गुरुद्वारे के पास, नीमाबाड़ा, तुलसी चौक स्थित द्वारिकाधीश मंदिर के समीप तथा आरएमएस कार्यालय के तिराहे पर बैरिकेड लगाए जाएंगे। रक्षाबंधन बाजार क्षेत्र में चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, जबकि दोपहिया वाहनों को आवागमन की अनुमति रहेगी।



पुलिस का कहना जरूरत पड़े तभी निकालें वाहन

हालांकि, भीड़ को देखते हुए पुलिस ने लोगों से आवश्यकतानुसार ही दोपहिया वाहनों का उपयोग करने की अपील की है। चार पहिया वाहनों के लिए रेस्ट हाउस की ओर खाली सड़क किनारे तथा बस स्टैंड के पास पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है। वाहन चालकों से अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करने का आग्रह किया गया है।

बनाई जा रही व्यवस्था में सहयोग की अपील



पुलिस ने आमजन से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने, अनावश्यक रूप से वाहन बाजार में नहीं लाने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस द्वारा की जा रही यातायात व्यवस्था में सहयोग करने का भी आग्रह किया गया है। पुलिस का कहना है कि रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। किसी भी प्रकार की असुविधा या संदिग्ध स्थिति सामने आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है।

महिलाओं और आमजन से सावधानी की अपील

रक्षाबंधन के दौरान बाजार में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने महिलाओं से अनावश्यक रूप से कीमती आभूषण पहनकर बाजार नहीं आने की अपील की है। साथ ही पर्स, मोबाइल और अन्य सामान की विशेष रूप से निगरानी रखने को कहा गया है। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की बात कही गई।

खर्रा घाट पर चाकू और पिस्टल नुमा हथियार के साथ बनाई रील

सोशल मीडिया पर वायरल किया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन और अभद्र भाषा का प्रयोग कर दहशत फैलाने के मामले में देहात थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जुमेराती निवासी एक युवक पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

साथी की गर्दन पर चाकू रखने का बनाया वीडियो

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर 'समीर लाला' नाम के अकाउंट से एक वीडियो, रील तेजी से प्रसारित हुई। यह वीडियो पवित्र मां नर्मदा के खर्रा घाट पर बनाया गया था। वीडियो में आरोपी अपने हाथ में धारदार चाकू लिए अपने साथी की गर्दन पर रखे हुए, कमर में पिस्टलनुमा हथियार लगाए और खुलेआम अश्लील व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दिखाई दे रहा था।

दर्ज कराइ गई आपत्ति

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई। पवित्र घाट पर इस प्रकार हथियारों के प्रदर्शन और अमर्यादित भाषा के प्रयोग को लेकर शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं हिंदू संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों में भारी आक्रोश फैल गया। आलोक कुमार शर्मा, धीरज चौकसे, नीतेश खंडेलवाल, पीयूष दुबे, सत्या चौहान और कृतिक शिवहरे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने, नगर की शांति व्यवस्था को बिगाड़ने और जनता में भय का माहौल बनाने का प्रयास बताते हुए थाने में लिखित शिकायत सौंपी।

पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने 296(b) , 125, धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया। मामले की विवेचना कार्यवाहक उपनिरीक्षक गौरी शंकर माझी को सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

ट्रैफिक पुलिस ने 120 मिनट की चेकिंग में कटे 35 चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की सड़कों पर यातायात नियमों की अनदेखी कर फर्राटा भरने वालों पर पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार सुबह इटारसी थाने के सामने ट्रैफिक पुलिस ने अचानक 2 घंटे का सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिससे नियम तोड़कर वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया।

यातायात प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 35 चालान बनाए गए। इस



दौरान पुलिस ने मौके पर ही 11,400 रुपये का समन शुल्क (जुर्माना) वसूला है।

चेकिंग के दौरान सबसे ज्यादा सख्ती बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों पर दिखी इस दौरान बिना हेलमेट 26 चालान- जुर्माना 7,800 रुपए का चालान काटा गया।

सफलता: 10 साल से लापता बालिका को इटारसी पुलिस ने प्रयागराज से किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

थाना इटारसी पुलिस ने करीब 10 साल से लापता चल रही एक बालिका को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने लंबे समय से बालिका की तलाश जारी रखी थी।

पुलिस के अनुसार 6 जनवरी 2017 को मुस्कान बालिका गृह, मालवीयगंज इटारसी की फरियादी ऋतु राजपूत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बालिका गृह में रह रही 15 वर्षीय नाबालिग बालिका 23 दिसंबर 2016 को स्कूल गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई गई थी। शिकायत पर थाना इटारसी में अपराध क्रमांक 26/2017, धारा 363 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

पुलिस ने चलाया अभियान

अपराध दर्ज होने के बाद से ही पुलिस द्वारा बालिका की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिरों से जानकारी जुटाने के साथ ही संभावित स्थानों पर तलाश की। इसी दौरान पुलिस को बालिका के प्रयागराज में होने की जानकारी मिली। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 22 अगस्त 2026 को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के सरगम क्षेत्र, हनुमान मंदिर के पास से बालिका को दस्तयाब कर लिया।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

बालिका को दस्तयाब करने की कार्रवाई में सउनि दिनेश झरबड़े, सउनि रीना खरे एवं महिला आरक्षक 799 दीपाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संकट मोचन हनुमान महाराज कीर्तन परिवार ने किया संगीतमय रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर संकटमोचन हनुमान महाराज कीर्तन परिवार, नर्मदापुरम द्वारा श्री माधव सन्यास आश्रम में आचार्य पंडित घनश्याम शर्मा द्वारा भगवान भोलेनाथ का संगीतमय रुद्राभिषेक आयोजित हुआ।

संकटमोचन परिवार के सौरभ सराठे ने बताया कि समिति द्वारा लगभग एक वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक शनिवार को शाम 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक भजन संध्या एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का



आयोजन किया जाता हैं। जिसमें भारी संख्या में पुरुष वर्ग के अलावा साथ बच्चे एवं माताएं बहनें शामिल उपस्थित रहतीं हैं। इसके साथ ही मंदिर परिसर में आए दिन धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी देशमुख ने किया वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा आईआईटी के पास स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जल प्रदाय शाखा के समस्त अधिकारी कर्मचारियों और सुरवाइजर्स को पेयजल सप्लाई सुचारू रखने के सख्त निर्देश दिए।

जल शाखा प्रभारी उपयंत्री मुकेश जैन ने बताया कि रविवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही मीनाक्षी चौक स्थित पेयजल सप्लाई का भी निरीक्षण किया गया। जैन ने



बताया कि जल प्रदाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और नगर में पेयजल सप्लाई सुचारू रखी जाए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री मुकेश जैन, स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी, जल प्रदाय शाखा के सुपरवाइजर आफिस खान, नीतेश व्यास आदि उपस्थित थे। जैन ने बताया कि मीनाक्षी चौक के पास डेमेज हुई पेयजल सप्लाई पाइप लाइन की मरम्मत कर दी गई है। रविवार शाम से समूचे नगर में पेयजल सप्लाई शुरू हो गई है। पेयजल सप्लाई सुचारू हो जाने से नागरिकों को राहत मिली है। सुपरवाईजर्स को लगातार नगर में निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सुरीला नर्मदापुरम: रक्षाबंधन के गीतों से गूंजा नेहरू पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम 'सुरीला नर्मदापुरम' में रविवार को नेहरू पार्क में सावन और रक्षाबंधन के मधुर गीतों से गूंज उठा। कार्यक्रम में स्थानीय संगीत कलाकारों ने सावन और रक्षाबंधन स्पेशल गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ। इसके बाद स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां दीं। सावन की फुहारों, रक्षाबंधन के उत्साह और सुरीले संगीत के संगम ने नेहरू पार्क के



वातावरण को खुशनुमा और संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में 30 से अधिक स्थानीय संगीत कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं नेहरू पार्क में घूमने और वॉक के लिए पहुंचे लोगों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कायस्थ महासभा ने रामजी बाबा समाधि परिसर में की साफ-सफाई, किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुषों द्वारा रविवार को संत रामजी बाबा समाधि स्थल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिसर एवं पार्क की साफ-सफाई से हुई। समाज के सदस्यों ने श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि



पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की पहली आवश्यकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण हर व्यक्ति को करना चाहिए जिससे पर्यावरण साफ और स्वच्छ रहे। इस मौके पर सुमन वर्मा, विजय वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, सुनील राय , राजेंद्र श्रीवास्तव, प्रीती खरे, अशोक वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, ज्योति वर्मा, राधा गुप्ता, ममता तिवारी , मनोज वर्मा लालता प्रसाद, सीबी खरे सहित अन्य मौजूद थे।

मुस्लिम नवजवान कमेटी की बैठक में सम्मान समरोह पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुस्लिम नव जवान कमेटी की ओर से जश्ने ईद मिलादउन्नबी के अवसर पर आगामी 3 सितंबर को सांई कृष्णा रिसोर्ट नर्मदापुरम में दोपहर 2 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह का उद्देश्य मुस्लिम होनहार बच्चों और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करना है जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुस्लिम नवजवान कमेटी के संरक्षक आमीन राईन ने बताया कि इस सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों के लिए पात्रता निर्धारित की गई है जिसमेंकक्षा 5वीं व 8वीं 90 प्रतिशत या अधिक अंक।कक्षा 10वीं 70 प्रतिशत या अधिक अंक। कक्षा 12वीं 75 प्रतिशत या अधिक अंक। स्नातक स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत या अधिक अंक। प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित खेल प्रतिभाएं हों।आयोजन संयोजक अज़हर खान ने बताया कि प्रतिभा सम्मान में सम्मिलित होने के लिए अंतिम तिथि कमेटी द्वारा 28 अगस्त रखी गई है।

महंगाई और सरकार की नीतियों का कांग्रेस ने जताया विरोध

सड़क के गड्ढों में धान रोपकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन बोली, 'सड़क है या खेत ?, सोहागपुर में बांटी चुटकी भर चीनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने गड्ढों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सड़कों के गड्ढों में धान के पौधे रोपकर नगर पालिका के खिलाफ विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शहर की सड़कों की हालत लगातार खराब होती जा रही है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोहागपुर में कांग्रेस ने निकाला चीनी मार्च, बाजार में बांटी चुटकी भर शक्कर



सोहागपुर। शक्कर की कीमत में बढ़त के खिलाफ कांग्रेस ने सोहागपुर में रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने बाजार में चुटकीभर शक्कर व्यापारियों तथा आमजनों में वितरित की। कांग्रेस की ओर से रविवार को मुख्य बाजार क्षेत्र में 'चीनी मार्च' निकाला गया। जिसमें कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। 'चीनी मार्च' के दौरान कांग्रेसियों ने बाजार में भ्रमणकर स्थानीय दुकानदारों व खरीदारी करने आए ग्राहकों को चुटकीभर शक्कर भेंट की। प्रदर्शन से कांग्रेसियों ने सरकार को यह संदेश दिया कि महंगाई के कारण शक्कर आम आदमी की पहुंच से दूर होकर सिर्फ एक चुटकी जितनी ही रह गई है। रसोई बजट बिगड़ चुका है व शक्कर के दाम चरम पर हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस नेता प्रशांत जायसवाल ने कहा कि बढ़ती महंगाई एवं शक्कर के दाम में वृद्धि से आमजन त्रस्त हैं। पहले पेट्रोल, डीजल, गैस और फिर शक्कर के साथ गुड़ , चाय पत्ती, प्याज, टमाटर एवं खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि से रसोई का बजट बिगड़ा है। प्रदर्शन के दौरान पुष्पराज सिंह पटेल, प्रशांत जायसवाल, गजेन्द्र चौधरी, जमील खान, नीरज चौधरी, ओपी पटेल आदि मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मयंक चौरे, प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, पार्षद अंजलि कलोसिया, प्रणीत मिश्रा, उत्सव दुबे आदि मौजूद रहे।

पासी समाज 6 सितंबर को करेगा प्रतिभाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय पासी समाज संगठन की बैठक रविवार को ग्राम आरी में आयोजित हुई, जिसमें आगामी पासी आजादी पर्व (जरामय पैसा कानून) मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से इस वर्ष समारोह 6 सितंबर, रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को समाज के गौरव के रूप में विशेष पहचान दी जाएगी।

इनके फोटोयुक्त फ्लेक्स जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। बैठक से पूर्व सामाजिकजनों ने संगठन के सक्रिय सदस्य हीरालाल बौरासी की माताजी एवं पूर्व जनपद सदस्य सुशीला बाई बौरासी के निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

खबर संक्षेप

अंकलेश्वर दुबे/अन्नी भैया बने जन परिषद के राष्ट्रीय सचिव

बैतूल। अखिल भारतीय स्तर की



सामाजिक संस्था जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने जन परिषद के संयोजक एवं पत्रकार रामजी श्रीवास्तव की अनुशंसा पर जन परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष, वरिष्ठ एडवोकेट एवं चौथी बार जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए अंकलेश्वर दुबे (अन्नी भैया) को जन परिषद का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। जन परिषद के बैतूल चैप्टर के संरक्षक अरुण किलेदार, अध्यक्ष विजय दीक्षित, मीडिया प्रभारी संजय द्विवेदी तथा स्टेट कमेटी मेम्बर केपी अग्निहोत्री सहित अन्य सदस्यों ने अन्नी भैया को बधाई दी है। इस अवसर पर जन परिषद के संरक्षक अरुण किलेदार ने बताया कि जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 37 वर्षों से सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रंथों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर बारह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 300 से अधिक एवं विदेशों में 7 चैप्टर बन चुके हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से एक व्यक्ति की मौत

बैतूल। कोतवाली थाना क्षेत्र के जामठी में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान रवि भुमरकर (45) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार-शनिवार रात करीब ढाई बजे की है। उसका शरीर और कपड़े जले हुए मिले हैं। कोतवाली टीआई देवकरण डहरिया ने बताया कि रवि अपने घर की ऊपरी मंजिल पर सो रहा था। उसकी पत्नी और बच्चे ग्राउंड फ्लोर पर सोए हुए थे। रात में घरवालों को कुछ जलने की गंध महसूस हुई। ऊपर जाकर देखा तो कमरे में आग लगी थी। रवि बेड पर मृत अवस्था में मिला। मृतक के लोअर, बनियान और हाथ का हिस्सा जला हुआ पाया गया। पुलिस की शुरुआत जांच में सामने आया है कि रवि शराब का अधिक सेवन करता था। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में बीड़ी-सिगरेट पीते समय आग लगी होगी। जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस हार्ट अटैक की संभावना से भी इनकार नहीं कर रही है। फिलहाल मौत की सही वजह पता नहीं चली है। पुलिस अब शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस मामले में मर्ग कायम कर जांच सोनाघाटी पुलिस चौकी को सौंपी गई है।

आज निकलेगी भव्य सद्भावना कांवड़ यात्रा

बैतूल। सर्वहारा वर्ग एवं जिले की खुशहाली और समृद्धि की मंगलकामना को लेकर आयोजित सद्भावना कांवड़ यात्रा लगातार तीसरे वर्ष आज 24 अगस्त को भव्य स्वरूप में निकलेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमंत वागद्रे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिवभक्त खेड़ी ताप्ती घाट से मां ताप्ती का पवित्र जल लेकर यात्रा शुरू करेंगे। यात्रा विभिन्न गांवों और बैतूल शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्राचीन शिव मंदिर कोठीबाजार पहुंचेगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 7.30 बजे खेड़ी ताप्ती घाट से होगा। इसके बाद सुबह 10.30 बजे खेड़ी, 11 डहरगांव, 11.40 महदगांव, दोपहर 12..30 भडुस, 1.10 पर दनोरा और 1.30 बजे तितली चौराहा पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे सदर ब्रिज, 2.20 गेंदा चौक, 2.40 बजे कारगिल चौक और 3.10 बजे बसस्टैंड कोठीबाजार होते हुए दोपहर 3.30 बजे प्राचीन शिव मंदिर कोठीबाजार पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ शामिल होंगे। मार्ग में श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। सेवा और धार्मिक माहौल के बीच प्राचीन शिव मंदिर पहुंचने के बाद कांवड़िए मां ताप्ती के पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद आरती और भंडारे का आयोजन होगा। जलाभिषेक, आरती और भंडारे के साथ यात्रा का समापन होगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सद्भावना कांवड़ यात्रा में शामिल होने अनुरोध किया है।

पशुपालकों को नियम की जानकारी नहीं, सिर्फ 6 डॉग का रजिस्ट्रेशन

पशुओं और डॉग का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य, नहीं होने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सरकार ने पालतू पशुओं का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य किया है। जिसके बाद पशु पालकों को नगरपालिका में पशुओं का रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी हो गया है। रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया तो रजिस्ट्रेशन शुल्क की दस गुना पेनाल्टी भरना पड़ सकती है। दरअसल सरकार ने रजिस्ट्रीकरण तथा आवारा पशुओं का नियंत्रण नियम 2023 लागू कर दिया है। वहीं आवारा पशुओं व श्वान के पकड़े जाने पर भी पेनल्टी लगाए जाने का प्रावधान किया गया है। बताया गया कि उच्च न्यायालय ने याचिकाओं की सुनवाई करते हुए आवारा पशुओं के नियंत्रण के संबंध में नगरीय निकायों द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर असंतोष व्यक्त किया था और स्थायी समाधान के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सरकार ने रजिस्ट्रीकरण तथा आवारा पशुओं का नियंत्रण नियम 2023 लागू प्रदेश में लागू कर दिया है। लेकिन अब तक सिर्फ 6 लोगों ने ही अपने डॉग का रजिस्ट्रेशन कराया है। जबकि शहर में डॉग पालने वालों की संख्या कई गुना अधिक हैं। प्रचार-प्रसार के अभाव में पशुपालक रजिस्ट्रेशन नहीं करा रहे हैं। वहीं पशुओं व श्वान के पकड़े जाने पर भी पेनल्टी



लगाए जाने का प्रावधान किया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि मवेशी लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं।

एक वर्ष की अवधि के लिए होगा रजिस्ट्रेशन

पशुओं का रजिस्ट्रेशन एक वर्ष की अवधि के लिए ही मान्य होगा। रजिस्ट्रीकरण अवधि की समाप्ति के बाद पशु पालक को तीस दिनों की अवधि के भीतर नवीनीकरण के लिए प्रारूप क में आवेदन करना होगा। रजिस्ट्रीकरण के पश्चात पशु चिकित्सक की देखरेख में पशु माइक्रोचिप अथवा टैग या किसी अन्य अनुज्ञेय साधनों द्वारा ब्रांडिंग कोड लगवाएगा। जिसमें पशुपालक की विस्तृत जानकारी अंतर्विष्ट हो। ब्रांडिंग कोड को नगरपालिका के रजिस्ट्रीकरण अभिलेख में भी दर्ज किया जाएगा। ब्रांडिंग कोड की लागत पशुपालक से वसूली जाएगी।

रजिस्ट्रेशन नहीं तो देना होगी दस गुना पेनाल्टी

पशुओं के रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण को लेकर जारी गजट नोटिफिकेशन में नगर पालिका सीमा में रखे गए या लाए गए प्रत्येक पशु का स्वामी इन नियमों के अधिसूचित होने के तीन माह के भीतर अथवा नगर पालिका सीमाओं में लाए जाने पर 7 दिन के भीतर पशु का रजिस्ट्रेशन नगरपालिका में कराना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर पशु पालक को रजिस्ट्रेशन शुल्क का दस गुना जुर्माना भरना पड़ेगा। रजिस्ट्रीकरण अवधि की समाप्ति के बाद पशु पालक को तीस दिनों की अवधि के भीतर नवीनीकरण के लिए प्रारूप क में आवेदन करना होगा। यदि निर्धारित अवधि में नवीनीकरण नहीं कराया जाता है तो प्रत्येक दिन लिए रजिस्ट्रीकरण शुल्क के 10 प्रतिशत जुर्माना अधिरोपित होगा।

अब तक सिर्फ 6 लोगों ने कराया डॉग्स का रजिस्ट्रेशन, कोई कार्रवाई नहीं

अब तक सिर्फ 6 लोगों ने ही अपने डॉग का रजिस्ट्रेशन कराया है। जबकि डॉग पालने वालों की संख्या शहर में कई गुना अधिक हैं। प्रचार-प्रसार के अभाव में पशुपालक रजिस्ट्रेशन नहीं करा रहे हैं। वहीं पशुओं व श्वान के पकड़े जाने पर भी पेनाल्टी लगाए जाने का प्रावधान किया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि मवेशी लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। इधर दूसरी तरफ पशुओं के कारण सड़क पर बार-बार जाम की स्थिति भी बन रही है। पशु सड़क पर बैठ जाते है। जिससे आवागमन प्रभावित होता है। शहर की कोई सड़क ऐसी नहीं, जहां मवेशियों को जमावड़ न दिखे। सड़कों पर झुंड बनाकर मवेशी बैठे रहते है। लेकिन नपा द्वारा कार्रवाही नहीं हो रही है।

सिर्फ टैग लगवाते है, नहीं कराते रजिस्ट्रेशन

पशुपालकों द्वारा पशु चिकित्सालय में सिर्फ टैग लगवा लिया जाता है, लेकिन नगरपालिका में पशुओं का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जाता है। यहीं वजह है कि नगरपालिका में एक भी पशु का रजिस्ट्रेशन अब तक नहीं हुआ है। सिर्फ 6 डॉग का ही रजिस्ट्रेशन हो पाया है। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि पशु पालकों को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि पशुपालक नपा में भी अपने पशुओं का रजिस्ट्रेशन करवाये। बता दे कि शहर में सैकड़ों गाय-बैल, भैंस सहित अन्य पशु को पशु पालक द्वारा पाला जाता है, लेकिन नगरपालिका में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जाता है, जिसकी वजह से शहर में कितने पशु है, इसका आंकड़ा सामने नहीं आ पा रहा है।

रजिस्ट्रेशन की दरें

पशु	रजिस्ट्रेशन	नवीनीकरण
श्वान	150	50
मवेशी/बैल	200	100
अन्य पशु	50	25

इनका कहना है...

पशुपालकों को नगरपालिका में अपने पशुओं का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। यदि पंजीयन नहीं कराते हैं तो जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है। शहरी क्षेत्र में सिर्फ 6 डॉग का रजिस्ट्रेशन किया गया है।

- ब्रजगोपाल परते, राजस्व निरीक्षक, नगर पालिका बैतूल

विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाई दादी प्रकाशमणिजी की पुण्यतिथि

मानव एकता व करुणा से समाज को समृद्ध बनाता है रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ब्रह्माकुमारी ने पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर विश्व बंधुत्व रक्तदान महादान अभियान का आयोजन किया। ब्रह्माकुमारी बैतूल की प्रभारी मंजू दीदी ने दादीजी के बारे में बताते हुए कहा कि दादी ने सारे विश्व में आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग मेडिटेशन को पहुंचाया। आपने 145 से अधिक देशों में ईश्वरीय सेवाएं की एवं लोगो के जीवन में आध्यात्मिकता की अलख जगाई। आज उनके पुण्य तिथि पर रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया जिसका लक्ष्य है रक्तदान के माध्यम से हम समाज को मानव एकता, करुणा, मैत्री जैसे सद्गुणों का संचार कर सके। रक्तदान जीवनदान प्रदान करता है। हम सभी के अंदर दौड़ने वाला रक्त एक ही रंग का है, हम सब एक पिता परमात्मा की संतान आपस में भाई-भाई है।

आज विश्व में बंधुत्व भाव की आवश्यकता है। जब हम रक्तदान करते हैं तो हमारा खून किसी की रगों में जिंदा रहता है। आप विश्व बंधुत्व महा रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रही थी। इस कार्यक्रम में एएसपी कमलेश खरपूसे, तहसीलदार गोवर्धन पाठे, नगरपालिका अध्यक्ष बैतूल पार्वतीबाई, भाजपा प्रदेश महामंत्री अतीत पवार, समाजसेवी शैलेंद्र बिहारिया, डॉ. अरुण जयसिंहपुरे (रेडक्रॉस सोसाइटी), ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. अंकिता सीते एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबा मकोड़े ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। उपरोक्त सभी अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग के इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि आज ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित ऐसे आयोजन समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति बहने उपस्थित थी । शिविर में 64 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिले भर में 21 अगस्त से 25 अगस्त तक अनेक ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र पर रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इसी संबंध में ब्रह्मकुमारीज के बीके तरूण ने बताया कि सोमवार 24 अगस्त को बैतूल की मोहन कालोनी में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा और मंगलवार को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक मुलताई में रक्त दान शिविर लगाया जाएगा।

कॉपर केबल चोरी का खुलासा

35 किलो जला तांबा किया बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

साईंखेड़ा पुलिस ने खेतों से मोटर पंप की कॉपर केबल चोरी करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक केबल चोरी करने वाला आरोपी है। दूसरा चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी है। पुलिस ने दोनों के पास से 35 किलो जला हुआ तांबा बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई गई है। मामले में एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, 4-5 जुलाई की रात बाड़ेगांव के किसानों के खेतों से कॉपर केबल चोरी हुई थी। इसके बाद 8-9 जुलाई की रात धाबला गांव में भी चोरी हुई। यहां करीब 8 से 10 किसानों के खेतों और कुओं में लगे मोटर पंप की केबल काटकर चोरी की गई थी। दोनों मामलों में साईंखेड़ा थाने में अलग-अलग केस दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान पुलिस ने मौके से मिले सुरागों के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की। इसमें कुंदामाल निवासी रवि पिता गेंदराव कुमरे (35) से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, रवि ने केबल चोरी करना कबूल किया। उसकी निशानदेही पर चोरी की केबल से निकाला गया 15 किलो जला हुआ तांबा बरामद किया गया।

विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण

शिक्षा संजीवनी अभियान से विद्यालयों में सुदृढ़ होंगी मूलभूत सुविधाएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शिक्षा संजीवनी अभियान के माध्यम से जिले के दूरस्थ अंचलों में स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की मुहिम प्रारंभ की गई है। इसके लिए अशासकीय विद्यालयों के सहयोग से शासकीय विद्यालयों के पुनरुत्थान की दिशा में कार्य किया जाएगा। उक्त बात कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूर क्षेत्रों में स्थित अनेक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में इन विद्यालयों के पुनरुत्थान के लिए अशासकीय विद्यालयों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध करते हुए कहा कि आपके विद्यालयों में जो सामान्य संसाधन उपलब्ध हैं, यदि उनमें से आवश्यक सहयोग शासकीय विद्यालयों तक पहुंचाया जाए तो वहां अध्ययनरत बच्चों के लिए और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सकता है।

चोरी हुई मोटर साइकिल का खुलासा

दो आरोपी गिरफ्तार, 90 हजार कीमती मोटरसाइकिल बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला

पुलिस ने वाहन चोरी के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई यामाह क्र-15 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। 22 जुलाई 2026 को प्रथम सोनकुसरे, निवासी बस स्टैंड आमला नें अपनी यामाहा क्र-15 मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 48एनए 5871, ग्रे कलर को घर के सामने बस स्टैंड आमला में खड़ा किया गया था। 26 जुलाई 2026 की सुबह मोटरसाइकिल मौके पर नहीं मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना आमला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना आमला पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

शिक्षकों की पात्रता परीक्षा के विरोध में 25 अगस्त को ब्लॉक स्तर पर धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शिक्षकों की पात्रता परीक्षा के विरोध में शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने आंदोलन का ऐलान किया है। रविवार 23 अगस्त को शिवाजी ऑडिटोरियम में हुई संयुक्त मोर्चा की बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 अगस्त को ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके बाद 26 अगस्त को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में 30 अगस्त को जंतर-मंतर, दिल्ली में होने वाले राष्ट्रव्यापी आंदोलन में जिले से अधिक से अधिक शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने शिक्षकों से आंदोलन में बढ़-चढक़र शामिल होने की अपील की। बैठक में राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बैतूल सचिन राय, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बैतूल रवि सरनेकर, पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिला अध्यक्ष बैतूल प्रवीण नरवरे,एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का हुआ शुभारंभ

'सामाजिक कार्यकर्ता गांव की समस्याओं को समझ कर मुख्यधारा से जोड़ने में निभाएं सक्रिय भूमिका'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड घोड़ाडोंगरी में हुआ। कार्यक्रम दीपक उइके, नरेंद्र उइके, पाठ्यक्रम प्रभारी प्रो.हेमंत निरापुरे के आतिथ्य में और जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत की अध्यक्षता में एवं पाठ्यक्रम के परामर्शदाता विजय मेहतो, अनिल



शर्मा, श्रीमती संगीता उघड़े, श्रीमती यशोमती भोरवंशी तथा 50 एमएसडब्ल्यू एवं 40 बीएसडब्ल्यू के कुल 90 सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के बीच हुआ। इस अवसर पर संतोष सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के उद्देश्य, पाठ्यक्रम की उपयोगिता एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका जानकारी प्रदान दी। उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ उन्हें समाज की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए तैयार करता है। दीपक उइके ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा शक्ति समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है।

गांवों और बैतूल शहर के विभिन्न वार्डों से लाए पानी के नमूनों की जांच की

छात्राओं ने सीखी जल परीक्षण की विधि, पानी की हर बूंद की गुणवत्ता परखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जल के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है और पृथ्वी पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों में जल का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। इसी जल की गुणवत्ता और शुद्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 22 अगस्त को ई.एफ.ए. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूल गंज में छात्राओं को पानी की जांच करने की विधि का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

शिक्षक महेश गुंजेले के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अलग-अलग ग्रामों, वार्डों और विद्यालय में उपलब्ध पानी के नमूने एकत्र कर उनकी गुणवत्ता का परीक्षण किया। जानकारी देते हुए शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि प्राकृतिक जल सबसे शुद्धतम रूप माना जाता है, लेकिन यह पूर्णतः शुद्ध अवस्था में उपलब्ध नहीं होता। इसमें कुछ अशुद्धियां प्राकृतिक रूप से मौजूद रहती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए छात्राओं ने अपने ग्राम और वार्डों से पीने के पानी के नमूने एकत्र किए। इनमें ग्राम जुनावानी, रतनपुर, केलापुर, महुपानी, बाजपुर, उमरी जागीर, सोनाघाटी, पांगरा, भयावाड़ी, कोसमी, गवाईढाना, बुण्डाला और झाड़ेगांव के अलावा बैतूल शहर के संजय कॉलोनी, हमलापुर, कम्पनी गार्डन, गणेश वार्ड, विवेकानंद वार्ड, भगूढाना, महावीर वार्ड, रामनगर, अर्जुन नगर, सुभाष वार्ड, कालापाठा और सदर क्षेत्र के पानी के नमूने शामिल रहे।

छात्राओं ने हैंडपंप, बोर और नल के पानी की जांच करते हुए मुख्य रूप से पीएच मान, क्लोरीन, हार्डनेस, क्लोराइड, अल्कालिनिटी, आयरन, नाइट्रेट, टर्बिडिटी, फ्लोराइड और अमोनिया सहित अन्य परीक्षण किए। इसके साथ ही उन्हें पानी में मौजूद विभिन्न रासायनिक तत्वों की अधिक मात्रा से मानव स्वास्थ्य पर पडऩे वाले संभावित प्रभावों की जानकारी भी दी गई।

पानी की समय-समय पर जांच कराते रहना आवश्यक

छात्राओं ने विद्यालय में उपलब्ध पानी और आर.ओ. के पानी का भी परीक्षण किया। जांच में दोनों का पीएच मान 7.5 पाया गया। वहीं विभिन्न ग्रामों और वार्डों से लाए गए पानी के नमूनों का पीएच मान 7.5 से 8.5 के बीच पाया गया, जिसे स्वीकार्य बताया गया। पानी में फ्लोराइड की मात्रा 0.5 से 1.00 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई, जो भारतीय मानक ब्यूरो एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप बताई गई। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को बताया गया कि सभी लोगों को गुणवत्ता युक्त पानी का सेवन करना चाहिए और पानी की समय-समय पर जांच कराते रहना आवश्यक है। इससे पानी में मौजूद तत्वों की कमी अथवा अधिकता का पता लगाया जा सकता है और आवश्यकता के अनुसार सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सकता है। छात्राओं ने पानी की गुणवत्ता जांचने की विधि शिक्षक महेश गुंजेले के मार्गदर्शन में प्रायोगिक रूप से सीखी।

फरार आरोपी पर एसपी ने घोषित किया दस हजार का ईनाम

बैतूल। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने थाना कोतवाली बैतूल के अपराध क्रमांक-761/2025 धारा 296,115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के प्रकरण में फरार आरोपी तथागत उर्फ बुलू मिश्रा पिता मनोज मिश्रा उम्र 28 साल निवासी मराठी मोहल्ला बैतूल हाल उड़दन थाना कोतवाली बैतूल पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। एसपी ने कहा कि जो कोई व्यक्ति सूचना देगा, गिरफ्तार करेगा या करवायेगा अथवा सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके, उसे पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80 (अ) में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त प्रकरण के फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 रुपये इनामी राशि की दी जायेगी।

खबर संक्षेप

कमल सिंह बने ब्लॉक अध्यक्ष, दी बाधाई

माखननगर। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के माखन नगर ब्लाक अध्यक्ष पद पर कमल सिंह चौहान की नियुक्ति की गई है
राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा कक्का जी ने संगठन की प्रदेश प्रतिनिधि चिंतन बैठक ग्राम धामंदा सीहोर में आयोजित की गई थी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कमल सिंह चौहान को माखन नगर ब्लॉक अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सोपा चौहान से अपेक्षा की है कि वह संगठन का विस्तार करते हुए किसानो की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा सक्रिय रहेंगे राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारी और सदस्यों ने नई जवाबदारी मिलने पर चोहान को शुभकामनाएं दी है।

सर्व आदिवासी समाज बैठे धरने पर

माखननगर। रविवार को तहसील कार्यालय के सामने सर्व आदिवासी समाज के दर्जनों महिलाएं और पुरुष अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए धरने पर बैठे है धरना स्थल पर आदिवासियों से मिलने कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल पहुंचे और उनकी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया पुष्पराज पटेल ने आदिवासियों को भरोसा दिलाया है कि आपके संघर्ष में मैं हमेशा आपके साथ हूं। साथ ही प्रशासन से समस्या समधान की मांग की।

अव्यवस्थित रूप से राखी बाजार लगाने की तैयारी, प्रशासन की भी नहीं सुन रहे व्यापारी

निर्धारित स्थल से अधिक क्षेत्र में फैलाई जा रही दुकानें, होगी आवाजाही की बाधा

आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए बाजार क्षेत्र में बेतरतीब ढंग से दुकाने लगाई जा रही है। नागरिकों का कहना है बिना व्यवस्था के लोगों को आवाजाही में परेशानी होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर में त्योहारी बाजारों के दौरान आवाजाही की बाधा बड़ी समस्या बनती है। रक्षाबंधन पर्व आ रहा है तो राखी बाजार को अव्यवस्थित करने की तैयारी स्वयं व्यापारी ही कर चुके हैं। तथा आवाजाही का बाधित होना तय हो चुका है।

बताया जाता है कि शनिवार शाम एसडीएम डॉ. बबीता राठौर एवं नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने राजस्व विभाग व नप के कर्मचारियों के साथ गांधी मंच के समीप लगने वाले राखी बाजार क्षेत्र का अवलोकन किया था। जहां अधिकारियों ने राखी, रुमाल आदि की दुकान लगाने वाले व्यापारियों से स्पष्ट कहा था कि निर्धारित क्षेत्र में दुकान लगाई जाएगी। लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद दुकान लगाने वाले व्यापारियों की मनमानी बढ़ गई एवं हमेशा की तरह सभी ने निर्धारित क्षेत्र से अधिक जगह में दुकानें लगाना शुरू कर दिया। जिससे व्यापारियों के आपसी विवाद भी बढ़ रहे हैं। साथ ही बाजार अव्यवस्थित हो रहा है। राह पर दुकानें लगाने से आवाजाही की बाधा बनना लगभग तय हो चुका है।

टीन शेड वालों को हो मनाही

मामले में अन्य व्यापारियों का कहना है कि कई लोगों को नप के टीनशेड में दुकानें आवंटित की गई हैं। जहां वे मनिहारी की स्थाई दुकानें वर्षों से लगा रहे हैं। लेकिन इसके अलावा वे अस्थाई दुकानें भी लगाते हैं। जिससे बाजार में बाधा होती है। साथ ही उन व्यापारियों को नुकसान होता है जो अस्थाई स्थल पर दुकानें लगाते हैं। अधिक प्रभावी व राजनीतिक पकड़ वाले लोगों की मनमानी पर रोक जरूरी है। अस्थाई दुकानदार उन लोगों से भी परेशान हैं जो मात्र त्यौहार पर ही दुकान लगाते हैं। ये अधिक क्षेत्र में दुकान लगाते हैं। इन झगड़ालू व्यापारियों को हटाने की मांग सामान्य व्यापारियों ने व्यापारी संघ ने की है।

पुलिस रहे मौजूद

कई प्रभावी, जनप्रतिनिधियों के करीबी तथा झगड़ालू प्रवृत्ति के व्यापारियों की इस मनमानी परेशान सामान्य व्यापारियों का कहना है कि बाजार में दुकान का क्षेत्र आवंटन पुलिस की मौजूदगी में किया जाए। साथ ही रक्षाबंधन तक बाजार में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। ताकि विवाद ना हो। तथा आवंटन स्थल से अधिक क्षेत्र में दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई की जा सके। क्योंकि पहले भी व्यापारियों के बीच झगड़े हुए हैं यहां तक की गत वर्ष किसी एक व्यापारी ने नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ हाथापाई भी की थी।

बनाएंगे व्यवस्था

"हम सभी के अनुकूल व्यवस्था बनाना चाहते हैं। लेकिन इसमें व्यापारियों का सहयोग जरूरी है। व्यवस्था बिगाड़ने वालों व झगड़ने वालों पर कार्यवाही करेंगे।"-
धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर।

वन विभाग टीम ने सांभर का मांस पकाते पकड़े आरोपी

वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियमों के तहत हो रही कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सामान वन परिक्षेत्र के ग्राम रोरीघाट से वन विभाग की टीम ने चार आरोपियों को रविवार को वन्यप्राणी सांभर के मांस के साथ पकड़ा है। सभी आरोपियों पर वन्यप्राणी अधिनियमों की विविध धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

सामान्य वन विभाग से रविवार रात 8:15 बजे जानकारी प्राप्त हुई कि यह कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक महोदय नर्मदापुरम् सामान्य अशोक कुमार के निर्देशन, वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम् सामान्य गौरव शर्मा के मार्गदर्शन, उप वनमंडल अधिकारी सोहागपुर अनिल विश्वकर्मा व परिक्षेत्र अधिकारी सोहागपुर हेमन्त शर्मा के नेतृत्व में की गई है।सोहागपुर सामान्य वन परीक्षित अधिकारी हेमंत शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन परिक्षेत्र सोहागपुर अंतर्गत वन विभाग के अमले द्वारा ग्राम रोरीघाट में जांच की गई। जांच के दौरान आरोपीगण सियाराम पिता शिवलाल, सुखलाल पिता कुंजीलाल, नेपाल पिता करन सिंह व तलुन पिता मोहनलाल सभी निवासी विस्थापित ग्राम रोरीघाट वन्यप्राणी सांभर का मांस पकाते हुए पाए गए।

सभी आरोपियो से वन्यप्राणी सांभर का कच्चा व पका मांस, बर्तन, कुल्हाड़ी, बोरी, छुरी जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 50, 51 तथा BNSS 2023 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या कायम, नागरिक करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या यथावत है। नागरिकों की मांग के बाद भी प्रशासन समाधान नहीं निकाल पा रहा है। प्रशासनिक व व्यवस्थागत मौन से नाराज नागरिक अब प्रदर्शन की तैयारी में हैं। शहर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने आसपास की दुकानों व स्कूली मैदान का पानी स्टेट हाईवे पर जमा होता है। निकासी की पुलिया अब सड़क के काफी नीचे हो चुकी है, जिससे पानी सड़क के एक ओर से दूसरी ओर नहीं जा पा रहा है। नियमित उपयोग के पानी सहित बरसाती पानी स्टेट हाईवे पर भरने से सड़क बैठ रही है। इसमें बड़े गड्ढे होते जा रहे हैं। और आवाजाही बाधा का सामना नागरिकों को गत चार वर्षों से प्रतिदिन करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अब नागरिक प्रदर्शन करने का मन बना रहे हैं। संभव है कि आने वाले दिनों में पीड़ित नागरिकों के रोष का सामना प्रशासन को आंदोलन के रूप में करना पड़ सकता है

कांग्रेस ने बढ़े हुए शक्कर के दाम को लेकर बाजार में किया प्रदर्शन, सरकार का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने रविवार को लगातार बढ़ रहे शक्कर के दाम को लेकर बाजार में प्रदर्शन किया मुख्य मार्ग, साहू मोहल्ला, शनिचरा बाजार ,एवं पिपरिया रोड पर हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल एवं कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई के विरोध में गले में तखती लटकाई थी जिस पर लिखा था खा गए शक्कर पी गए तेल यह देखो भाजपा का खेल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी की।

प्रतीकात्मक रूप से आम जनता को शक्कर बांटी वहीं तेजी से बढ़ते हुए शक्कर के दाम को लेकर पुष्पराज पटेल ने कहा भाजपा ने हमेशा अमीरों को और अमीर बनाने का काम किया है जबकि मध्यम वर्ग एवं गरीब जनता की अनदेखी की गई है खाद्य पदार्थ डीजल पेट्रोल डीजल के दाम लगातार बढ़ने से जनता परेशान है जुलूस प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष मोनू पटेल, नगर अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर, रमेश तिवारी ,जिला उपा अरुण तिवारी, गब्बर राजपूत, राजेश चौहान, उत्कर्ष आचार्य, सुमित डेरिया, सुनील मोदी, भगवान दास साहू , राम मोहन लालू मालवीय, भवानी साहू शेखर राजपूत कार्तिकेय वर्मा, तरुण सोनी, दिनेश मीणा, बलराम अहिरवार, इरफान बाबा, अशोक मोदी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

तीन दिन से घर में छिपा था कबरबिज्जू, सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू

सोहागपुर। नगर के किलापुरा वार्ड क्षेत्र के घर में तीन दिनों से एक कबरबिज्जू छिपा था। घर के सभी सदस्य परेशान हो रहे थे कि कैसे इस जीव से मुक्ति पाई जाए। गत दिवस सर्पमित्र राहुल कुशवाहा ने उक्त जीव का रेस्क्यू किया व गृह मालिक एवं उनके परिजनों को परेशानी से मुक्ति दी है। हरिभूमि से चर्चा में राहुल कुशवाहा ने बताया कि कमानिया गेट के समीप के घर में तीन दिन से कबरबिज्जू सोफे के पीछे छुप कर बैठा था। जिसे उन्होंने पकड़ा तथा बोरी में बंद किया। सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किए गए जीव को कामती के पास के जंगल में छोड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि राहुल कुशवाहा द्वारा क्षेत्र में सर्प, गोहटा, कबरबिज्जू आदि खतरनाक जीवों का सफल रेस्क्यू कर उन्हें जंगल में छोड़ा गया है।

जिप्सी चालक ने पर्यटक को लौटाया पर्स, हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



जिप्सी से भ्रमण करते समय एक पर्यटक का पैसो से भरा पर्स गिर गया। जो जिप्सी चालक शाहरुख को मिला जिसकी सूचना शाहरुख ने पचमढ़ी टैक्सी यूनियन ग्रुप में सांझा किया ओर कुछ समय बाद सूचना मिली कि जिन पर्यटक का पर्स गिरा था वह 'बेटा बाबरची' रेस्टारेंट में खाना खा रहे है। शाहरुख वह पर्स लेकर पर्यटक से मिला ओर पूछताछ कर पुख्ता होने पर्यटक को पर्स लौटा दिया। जिप्सी चालक की ईमानदारी की पर्यटक ने प्रशंसा की ओर धन्यवाद दिया। इसी तरह कई बार जिप्सी चालकों एवं गाइडों ने पर्यटकों की पर्यटन स्थलों पर गिरी, छूटी वस्तुएं लौटाई है जो पचमढ़ी के लोगो की ईमानदारी और पचमढ़ी भ्रमण करने आए पर्यटको के लिए एक अच्छा संदेश है।

बारिश में बिजली कर्मचारियों की जान से हो रहा खिलवाड़, बिना सुरक्षा के चढ़ रहे पोल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्यप्रदेश राज्य विद्युत वितरण केन्द्र पिपरिया सहित अन्य सभी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कंपनियों के द्वारा लाइन मेंन और आउटसोर्स कर्मचारियों को कोई सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है। विशेष रूप से आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन भुगतान भी समय पर नहीं दिया गया है। उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया का मामला तो उच्च न्यायालय जबलपुर में भी विचाराधीन है। आउटसोर्स कर्मचारी दीपक शर्मा के द्वारा याचिका दायर की गई है।

आउटसोर्स कर्मचारियों को लगातार उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया के द्वारा पोल पर बरसात में ही काम लिया जाता है। शासन द्वारा जो बिजली के लोगों को सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।वह आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिल रही है। तथा लाईन मेन पोल पर चढ़ते हि नहीं है। अधिकतर कर्मचारियों को बगैर सुरक्षा के बड़ी लाइन के पोल पर चढ़ाकर काम लिया जाता है। कुछ अधिकारी कार्यपालन यंत्री, जूनियर इंजीनियर आदि मौके पर जाकर काम भी करते कराते हैं। लेकिन उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया कभी कभी भी नजर नहीं आते हैं। कुल मिलाकर अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है। फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ है। बरसात में बगैर सुरक्षा के बगैर बीमा योजना लागू करने के ही पोल पर चढ़ाकर काम लिया जाता है। इस विषय में उपमहाप्रबंधक दिनेश भदौरिया से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि बिजली सुधार कार्य के लिए कर्मचारियों को सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं है।यह जानकारी नहीं है। यदि सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो रही है तो तत्काल प्रभाव से अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं।

सरपंच ने स्कूली बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच के द्वारा शासकीय कन्या शाला लतमें लवबच्चों के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सुलभ गोदानी सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक एवं स्टाफ की तथा प्राचार्य प्रधान पाठक की उपस्थिति में पाठ्यक्रम सामग्री में कापी पेन ड्राइग पेन पेंसिल सहित अन्य सभी सामग्री का वितरण किया गया। शिक्षक अमित श्रीवास्तव ने बताया कि सरपंच के द्वारा लगातार सेवा कर रहे हैं।

गनेरा से कांवड़ यात्रा तिलक सिंदूर के लिए निकली लायंस क्लब और समाज सेवियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्रावण माह में शिवभक्तों की आस्था का प्रतीक तृतीय भव्य कांवड़ यात्रा ग्राम पंचायत गनेरा के चौकाघाट से नर्मदा जल लेकर सुबह 7 बजे तिलक सिंदूर के लिये निकली जो सोमवार को तिलक सिंदूर पहुंचेगी जहां सभी भक्तजन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे

यात्रा के आयोजक एवं ग्राम पंचायत गनेरा के सरपंच श्री कृष्ण कुमार झा ने बताया कि यह 2 दिवसीय यात्रा होगी। यात्रा के दौरान कांवड़ियों के रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था इटारसी स्थित पीपलेश्वर धाम, मैरिज गार्डन में की गई है।

यात्रा मार्ग में जगह-जगह भक्तों का स्वागत किया गया माखन नगर में धर्म प्रेमी नागरिक लायंस क्लब एवं समाज सेवियों ने स्वागत सम्मान किया हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजने वाली यह यात्रा तिलक सिंदूर के लिए रवाना हो गई। **प्राचीन शिव मंदिर में होगा जलाभिषेक** श्रावण मास के चलते सोमवार को धर्म जागरण समन्वय समिति आंचलखेड़ा के तत्वावधान में भव्य कांवड़ यात्रा निकलेगी।

31 अगस्त को नगर पालिका परिसर में मनेगा भव्य रक्षाबंधन पर्व

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर हर साल की तरह इस बार भी बहनों को देंगे रक्षाबंधन का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नगर पालिका के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाया जाएगा। नगर पालिका के समीपस्थ पुरानी जेल परिसर में आगामी 31 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक विशेष रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शहर की बहनों से रक्षासूत्र बंधवाएंगे और उन्हें रक्षाबंधन पर्व का उपहार भी प्रदान करेंगे। हर साल की तरह इस वर्ष भी आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में शहर के सभी वार्डों से बड़ी संख्या में बहनों के शामिल होने की संभावना है। रक्षाबंधन के इस विशेष आयोजन को लेकर नगरवासियों में भी उत्साह का माहौल है।

बहन-भाई के स्नेह और विश्वास का पर्व है रक्षाबंधन

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहरवासियों को रक्षाबंधन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास, सम्मान और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने शहर के प्रत्येक वार्ड की अपनी बहनों से अपील की कि वे 31 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे के बीच पुरानी जेल परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर रक्षाबंधन समारोह में शामिल हों और इस पवित्र पर्व को उत्साह के साथ मनाएं।

दिया जाएगा विशेष उपहार

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा बहनों से राखी बंधवाने के साथ उन्हें रक्षाबंधन का उपहार भी प्रदान किया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर पालिका के अमले द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन में शहर के विभिन्न वार्डों से जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं नगर पालिका का अमला भी मौजूद रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर की बहन-बेटियों का स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। रक्षाबंधन आत्मीय रिश्ते और विश्वास को और मजबूत करने का माध्यम है।

आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर विज स्पेल बी में हासिल की टॉप रैंक



सीहोर। आईईएस पब्लिक स्कूल, सीहोर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की स्पेल बी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों जय जैन, दक्ष चौहान, वेद वर्मा, अदिति चतुर्वेदी एवं याजत वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

अंग्रेजी शब्दों की शुद्ध वर्तनी, उच्चारण और शब्द-ज्ञान पर आधारित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचकर विद्यार्थियों ने न केवल अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि दर्ज की, बल्कि आईईएस पब्लिक स्कूल, सीहोर को भी गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धि पर प्रोफ (श्रीमति) मनीषा कवाथेकर, ग्रुप डाइरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल ने छात्रो को बधाई दी साथ ही बताया के स्कूल हर प्रकार से छात्रों के विकास एवं प्रगति के लिए निरंतर प्रयत्न करता रहता है जिसके द्वारा छात्रो को उचित परिणाम मिल सके। साथ ही कहा के ऐसी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें निरंतर सीखने और उत्कृष्टता की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

शिविर लगाकर किया गया 802 बच्चों का टीकाकरण: सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

खबर संक्षेप



सोयाबीन में रायजोक्टोनिया एरियल ब्लाइट के नियंत्रण के लिए सलाह दी

रहटगांव। सोयाबीन फसल में पत्तियों का पीलापन, पौधों का मुरझाना एवं निचली पत्तियों का सूखना, पर्णदाग असामान्य पनीले धब्बों के रूप में दिखाई देते हैं। अधिक नमी की स्थिति में पत्तियां ऐसी प्रतीत होती हैं, जैसे पानी में उबाली गई हों। इस तरह के लक्षण दिखाई देने पर सोयाबीन में रायजोक्टोनिया एरियल ब्लाइट की संभावना को देखते हुए खेत की निगरानी एवं समय पर रोग नियंत्रण आवश्यक है। रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देते ही फफूंदनाशी का प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। फफूंदनाशी का छिड़काव फसल की पत्तियों एवं तने के प्रभावित भागों पर अच्छी तरह करें। खेत में जलभराव न होने दें तथा अत्यधिक नमी की स्थिति में फसल की नियमित निगरानी करें।

4500 घरों में कनेक्शन सिर्फ 1200 घरों में सप्लाई

सोहोर। शहर में गेल गैस प्रोजेक्ट के तहत पिछले एक साल से अधिक समय से पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन 4,500 घरों में फिटिंग के बावजूद इसका फायदा सिर्फ 1,200 परिवारों को ही मिल पा रहा है। बाकी 3,300 परिवार आज भी कनेक्शन लगने के बाद सप्लाई शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निर्माण कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद काम अधूरा छोड़ दिए जाने से बारिश के मौसम में जगह-जगह कीचड़ और गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

नेमावर से शुरू हुई कांवड़ यात्रा का जगह जगह किया स्वागत

62 किलोमीटर पैदल चलकर आज चारुवा के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगे कांवड़िए





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

धर्म रक्षा समिति की दो दिवसीय कांवड़ यात्रा रविवार को नेमावर के सिद्धनाथ महादेव मंदिर से शुरू हुई। इसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़िए 62 किलोमीटर पैदल चलकर चारुवा के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगे। वहां नर्मदा जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। यह समिति की 21वीं कांवड़ यात्रा है। रविवार सुबह सिद्धनाथ मंदिर में भगवान महादेव की पूजा और अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने नर्मदा से जल भरा। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ यात्रा शुरू हुई।

कई श्रद्धालु भगवा कपड़े पहनकर कांवड़ लेकर चलते नजर आए। डीजे पर बज रहे भजनों के साथ श्रद्धालु जयकारे लगाते रहे। यात्रा के पहले दिन श्रद्धालुओं ने 22 किलोमीटर पैदल सफर किया। दोपहर करीब 3 बजे कांवड़ यात्रा हरदा पहुंची। शहर के प्रमुख रास्तों से होकर यात्रा आगे बढ़ी। हरदा में जगह-जगह सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा खंडवा स्टेट हाईवे पर स्थित ग्राम कांकरिया पहुंची। यहां श्रद्धालुओं के भोजन और रात में रुकने की व्यवस्था की गई। सोमवार को चारुवा के लिए रवाना होंगे। सोमवार सुबह श्रद्धालु कांकरिया से चारुवा के लिए रवाना होंगे। 62 किलोमीटर की यात्रा पूरी करने के बाद वे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगे। यहां नर्मदा जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके साथ कांवड़ यात्रा पूरी होगी। धर्म रक्षा समिति के सदस्य सुभाष शर्मा ने बताया कि यह यात्रा लगातार 21वें साल निकाली जा रही है।

उनके अनुसार, 20 साल पहले भाई श्याम शर्मा ने धर्म रक्षा के उद्देश्य से इसकी शुरुआत की थी। पहले साल करीब 200 लोग शामिल हुए थे। इसके बाद हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। हरदा पहुंचने पर नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी यात्रा के पीछे सड़क की सफाई की।

बिना नंबर की गाड़ियां व तेज आवाज करने वाली बुलेट जब्त की

मजिस्ट्रेटों ने वाहनों की चेकिंग की ढाई घंटे कार्रवाई में 30 चालान काटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शनिवार शाम मजिस्ट्रेटों ने वाहनों की चेकिंग की। इंदौर रोड पर करीब ढाई घंटे चली कार्रवाई में 30 चालान काटे गए। करीब 41 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। चेकिंग के दौरान कई वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई। बिना नंबर की गाड़ियां और तेज आवाज करने वाली बुलेट जब्त की गईं। कार्रवाई शाम 5 बजे शुरू हुई और करीब साढ़े 7 बजे तक चली। सड़क से गुजरने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों को रोका गया। मजिस्ट्रेटों ने ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और दूसरे जरूरी दस्तावेज जांचे।



हूटर, काली फिल्म और नंबर प्लेट समेत यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। चेकिंग शुरू होते ही कुछ वाहन चालक रास्ता बदलकर निकलते नजर आए। कई लोग गलियों से होकर कार्रवाई से बचने की कोशिश करते दिखे। कार्रवाई सीजेएम लवकेश सिंह के नेतृत्व में हुई। इसमें 5 मजिस्ट्रेट और सिटी कोतवाली, सिविल लाइन व यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पूरे शहर में बिक रहे प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं डिस्पोजल ग्लास

छीपाबड़ स्थित अटल सरोवर तालाब पर लगे प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास के कई जगह ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया



छीपाबड़ स्थित अटल सरोवर तालाब पर प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास के जगह-जगह ढेर लगे हुए हैं, जिससे नगर परिषद के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के जीर्णोद्धार में पलीता लग रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन पर प्रतिबंध के बावजूद शराब ठेकों के सामने स्थित दुकानों से लेकर सब्जी की ठेल-ढकेल तक इसकी बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। पिछले पांच साल से प्रतिबंध लागू होने के बावजूद कार्रवाई केवल जब्ती और जुर्माने तक सीमित है। थोक विक्रेताओं और भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। शहर में डिस्पोजल ग्लास की रोजाना हजारों की संख्या में अलग-अलग दुकानों पर खपत हो रही है। कागजों में प्रतिबंधित प्लास्टिक-पॉलिथीन पर रोक है, जबकि धरातल पर धड़ल्ले से पॉलिथीन का कारोबार हो रहा है।

सड़कों पर खड़ी सब्जियों की ठेल-ढकेल तक प्रतिबंधित पॉलिथीन बिक रही है। जिम्मेदार आंखें मूंदे हुए हैं। पांच साल से सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक है। इस संबंध में संबंधित नगर परिषद और जीएसटी अधिकारियों की जवाबदेही तय है। लेकिन जुर्माना और जब्ती जैसी कार्रवाई अभी तक शहर में नहीं हुई है। प्लास्टिक गिलास, पॉलिथीन के थोक विक्रेताओं और भंडारण पर कार्रवाई नहीं होने से शहर से गांव तक पॉलिथीन की बिक्री हो रही है। डिस्पोजल ग्लास समेत प्रतिबंधित प्लास्टिक जब सड़कों से होता हुआ नालियों में जाता है तो वह नगर परिषद की साफ-सफाई व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करता है। नालियां अवरुद्ध होती हैं, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

इनका कहना है...

सिंगल यूज पॉलिथीन और डिस्पोजल शहरी क्षेत्र में पूरी तरह बैन है। फिर भी अगर कोई खरीफ-फरोख्त कर रहा है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। आने वाले समय में नगर परिषद द्वारा बाजारों में पॉलीथिन और डिस्पोजल का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

अखिल राय, सीएमओ नगर परिषद खिरकिया

1.20 लाख का चोरी गया सामान किया बरामद

करताना चौकी क्षेत्र में चोरी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



चौकी करताना क्षेत्र के ग्राम गोगिया में हुई गृहभेदन की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गए चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1.20 लाख रुपए कीमत का चांदी का कंदौरा एवं पायल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी रामविलास ओसले पिता रामगोपाल ओसले, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी पत्नी सावित्री बाई के साथ ग्राम गोगिया में निवास करता है तथा दोनों मजदूरी का कार्य करते हैं। उनके बच्चे बाहर निवास करते हैं। फरियादी ने बताया कि घर में रखी लोहे की बिस्तर पेटी के अंदर एक छोटे बैग में चांदी की एक जोड़ी पायल एवं चांदी का कंदौरा रखा हुआ था, जिसे उसने 1 अगस्त को देखा था। 21 अगस्त को दोपहर करीब 2 बजे फरियादी एवं उसकी पत्नी ने बिस्तर पेटी खोलकर देखा तो चांदी के आभूषणों वाला बैग गायब मिला। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किया जाना पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

रिपोर्ट पर चौकी करताना में देहाती नालसी लेख कर थाना टिमरनी में अपराध क्रमांक 488/2026, धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद एसडीओपी आकांक्षा तलया के निर्देशन में चौकी प्रभारी करताना उपनिरीक्षक प्रकाश सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर तकनीकी एवं पारंपरिक पुलिस विवेचना के आधार पर संदेही दुर्गाप्रसाद उर्फ दुर्गेश पिता गणेश साकल्ले, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम गोगिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए फरियादी के घर से करीब 20-25 दिन पूर्व चांदी का कंदौरा एवं पायल चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया चांदी का कंदौरा एवं पायल, कुल अनुमानित कीमत 1.20 लाख रुपए, बरामद कर विधिवत जप्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय टिमरनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक मुकेश गौड़, उपनिरीक्षक प्रकाश सोलंकी, सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक लोकेश यादव, प्रधान आरक्षक राजा बकोरिया, प्रधान आरक्षक योगेश पटेल, सैनिक रूपसिंह राजपूत एवं सैनिक राहुल कुमार की विशेष भूमिका रही।

एनटीपीसी की अधोसंरचना को बढ़ावा देने की पहल

10 शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 250 डेस्क व बेंच वितरित किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, एनटीपीसी खरगोन द्वारा सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत आसपास के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। इस पहल के तहत 10 शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 250 डेस्क एवं बेंच वितरित किए गए। पर्याप्त एवं सुविधाजनक फर्नीचर की उपलब्धता से विद्यार्थियों के लिए अधिक आरामदायक, सुव्यवस्थित एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, चार आसपास के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। इस पहल का उद्देश्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी बेहतर कक्षा वातावरण सुनिश्चित करना है।

यह पहल एनटीपीसी खरगोन की अपने कार्यक्षेत्र के आसपास के समुदायों के विकास तथा शिक्षा एवं विद्यालयी अधोसंरचना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनटीपीसी अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को विशेष महत्व देता है और विद्यालयों में अधोसंरचना विकास, शैक्षणिक संसाधनों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के माध्यम से निरंतर सहयोग प्रदान करता है।

राजपुरा की छात्रा से छेड़छाड़, अतिथि शिक्षक पर केस दर्ज कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

शासकीय हाई स्कूल राजपुरा की कक्षा 9वीं में अध्ययनरत एक छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पुलिस ने एक अतिथि के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय भीकनगांव ने खरगोन जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता शासकीय हाई स्कूल राजपुरा की कक्षा 9वीं की छात्रा है। जबकि कथित आरोपी आरोपी शासकीय माध्यमिक विद्यालय राजपुरा में अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ है। जो शासकीय हाई स्कूल से करीब आधा पवन किलोमीटर दूरी पर स्थित है। पुलिस ने बताया कि छात्रा के जाति प्रमाण पत्र के काम को लेकर आरोपी ने उसे 29 जुलाई को साप्ताहिक हाट के दिन झिरन्या में बुलाया था। अतिथि शिक्षक से पढ़ाई के बारे मे फोन पर बातचीत होती थी। उसके झिरन्या आने के बाद उसे अपने साथ घर ले गया था और वहां उसके साथ छेड़छाड़ की घटना का आरोप है। छात्रा ने पहले बदनामी के डर से किसी को घटना की जानकारी नहीं दी। बाद में उसने पूरी घटना से अपने माता-पिता को अवगत कराया और फिर परिजनों के साथ चैनपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी गणपत कनेल ने बताया कि थाने में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। खरगोन से महिला सब इंस्पेक्टर ममता वास्केल ने उससे पूछताछ की है। शनिवार को एसडीओपी केतन अडलक झिरन्या पहुंचे थे और उन्होंने घटनाक्रम की आवश्यक जानकारी ली और पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।थाना प्रभारी कनेल के मार्गदर्शन में एएसआई अनिल निंगवाल द्वारा जांच की जा रही है। पीड़िता और आरोपी की मेडिकल जांच कराई गई है।

पत्रकार एकता कांवड़ यात्रा आज

श्रावण मास के उपलक्ष्य में श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर से मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर तक निकलेंगे कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



पवित्र श्रावण माह के उपलक्ष्य में निरंतर चौथे वर्ष पत्रकार एकता कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। नगर के समस्त पत्रकार चतुर्थ श्रावण सोमवार को प्रातः 10 बजे भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर पर भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव जी की पूजा-अर्चना, अभिषेक कर व कांवड़ में गंगा जल भरकर श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। पत्रकार एकता कांवड़ यात्रा को लेकर सोमवार को स्थानीय गायत्री मंदिर सभागार पर बैठक हुई। बैठक में कांवड़ यात्रा की रूपरेखा तय की गई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कसरावद रोड स्थित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। मेलडेरेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना व गंगा जल अर्पित कर कावड़ यात्रा का समापन होगा। इस अवसर पर देश में खुशहाली, सुख-समृद्धि, सद्भाव और अच्छी बारिश की कामना की जाएगी। कावड़ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व सेवाभावी संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

यह रहेगा कांवड़ यात्रा मार्ग- कांवड़ यात्रा शहर के झंडा चौक, सराफा बाजार, गुरु नानकदेव चौराहा, एमजी रोड, श्रीकृष्ण टॉकीज चौराहा, बिस्टान रोड तिराहा, बस स्टेंड, गजानंद सोनी तिराहा, फव्वारा चोक, टीआईटी काम्प्लेक्स होते हुए पुनः श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहा पहुंचेगी। तत्पश्चात कांवड़ यात्रा जवाहर मार्ग, राधा वल्लभ मार्केट, आरती टॉकीज, डायवर्शन रोड, महाराणा प्रताप चौक, नवग्रह पुल, कलेक्टोरेट, सुखपुरी, मनीष मार्केट होते हुए कसरावद रोड स्थित भगवान श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रीडिंग हॉल में पुस्तकों की उपलब्धता की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, खरगोन के रीडिंग हॉल में जिला अध्यक्ष निलेश सागोरे ने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनकी अध्ययन संबंधी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान विद्यार्थियों ने रीडिंग हॉल में अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित आवश्यक पुस्तकों की कमी की समस्या सामने रखी। छात्रों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न महत्वपूर्ण पुस्तकों को उपलब्ध करवाने की मांग रखी। विद्यार्थियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए सागोरे द्वारा प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपकर रीडिंग हॉल में विद्यार्थियों की मांग के अनुसार आवश्यक एवं नवीन पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। सागोरे ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का वातावरण और आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करवाना महाविद्यालय की प्राथमिकता होनी चाहिए। ठरवक छात्रहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी। इस दौरान साथी रजत शर्मा, रोहित जायसवाल, रितेश भालसे, विनीता राणे, अश्विन सागोरे एवं सुजल वर्मा उपस्थित रहे।

शिवडोला काउंट डाउन- 6 दिन शेष, तीसरी आंख रखेगी पैनी नजर, मार्ग में लगे 300 सीसीटीवी कैमरे

30 को होगा भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव का नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

राजाधिराज अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेवजी भादौ बदी दूज 30 अगस्त को शाही ठाठ-बांट व विशाल लाव-लश्कर के साथ नगर भ्रमण पर रहेंगे। आराध्य देव के दर्शन-पूजन के लिए जिले सहित प्रदेशभर के करीब तीन से चार लाख श्रद्धालु आएंगे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन समूचे शिवडोला मार्ग पर तीसरी आंख पैनी नजर बनाए रखेगा। मार्ग में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है, जिनके माध्यम से एक ही स्थान से संपूर्ण शिवडोला की निगरानी की जाएगी। सार्वजनिक श्रावण मास शिवडोला समिति के सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि भादो बदी दूज, 30 अगस्त को भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव का वार्षिक नगर भ्रमण होगा। भगवान श्री सिद्धनाथ महादेवजी की मुख्य झांकी के साथ अन्य झांकिया, साउंड सिस्टम, लोकनृत्य दल, अखाड़े, ढोल-ताशा, नगाड़ा दल, भजन मंडली सहित दो घुड़सवार शामिल होते हैं। समूचे शिवडोला मार्ग पर सेवाभावी, सामाजिक, धार्मिक संगठनों, व्यक्तियों सेवा स्टॉल लगाए जाएंगे। इस वर्ष भी तीन से चार लाख के करीब श्रद्धालु शिवडोला में आने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा समूचे आयोजन में कोई विघ्न न पड़े इसके लिए पुलिस-प्रशासन भी विभिन्न प्रकार की तैयारियां कर रहा है। पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार समूचे शिवडोला मार्ग व शहर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों को सीसीटीवी कैमरे से लैस कर निगरानी रखी जाएगी। वही शिवड़ोले में भी सीसीटीव्ही कमांड व्हीकल द्वारा निगरानी कर मानीटरिंग की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में लगाई गई पांच एलईडी स्क्रीन पर इसे देखा जाएगा।

श्रावण मास के अंतिम सोमवार होगी ओंकार आरती

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के अंतिम सोमवार भावसार मोहल्ला के रुद्राक्ष मित्र मंडल द्वारा भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव जी की ओंकार आरती करेगा। मंडल के सदस्यों ने बताया कि आचार्य पंडित राजेंद्र पगारे के सानिध्य में ओंकार आरती से पूर्व भगवान सिद्धनाथ का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात ओंकार आरती होगी। ओंकार आरती का यह 15वां वर्ष है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत सीहोर जिले से वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह यात्रा 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। यात्रा के लिए पात्र वरिष्ठ नागरिकों जिनकी आयु 60 वर्ष या उनसे अधिक है उसे आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिलाओं के लिए 2 वर्ष की छूट है तथा वरिष्ठ नागरिक आयकरदाता नहीं होने चाहिए। इच्छुक आवेदक 18 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है। इसके साथ ही आवेदन संबंधित नगर पालिका, नगर परिषद अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। यात्रा के लिए निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर यात्रियों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।